प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 रविवार दिनांक 17.11.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– राज्य सरकार ने जमीन खरीदी–बिक्री में गाइड लाइन दर से सौदे की रकम अधिक होने पर भी रजिस्ट्री शुल्क गाइड लाइन दर पर ही लेने का फैसला लिया है।

2– संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा बस्तर जिले के धुड़मारास गांव का चयन सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के उन्नयन के लिए किया गया।

3– प्रदेश में धान खरीदी केंद्रों में अवैध धान की बिक्री रोकने लगाई गई बायोमेट्रिक मशीन–सीमावर्ती जिलों में एंट्री–एग्जिट प्वाइंट पर स्थाई और अस्थाई नाके बनाए गए।

4– जगदलपुर में आयोजित अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आज तमिलनाडू पुलिस ने छत्तीसगढ़ फुटबाल संघ को हराया।

..........................................................

जमीन–रजिस्ट्री शुल्क

राज्य सरकार ने संपत्ति खरीदने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत दी है। सरकार ने जमीन खरीद–बिक्री में गाइड लाइन दर से सौदे की रकम अधिक होने पर भी रजिस्ट्री शुल्क गाइड लाइन दर ही लेने का फैसला लिया है। इससे बैंक लोन पर निर्भर मध्यम वर्गीय परिवार को वास्तविक मूल्य के आधार पर ऋण मिल सकेगा। इस नियम में संशोधन के बाद संपत्ति खरीदने वाले अब सौदे की रकम गाइड लाइन दर से अधिक होने पर भी वास्तविक मूल्य को अंकित कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें कोई रजिस्ट्री शुल्क नहीं देना होगा।

इस नियम से आमजनों को न्यायिक प्रकरणों में भी संपत्ति का वास्तविक मूल्य प्राप्त होगा। यदि कभी संपत्ति में कुछ धोखाधड़ी पायी गई तो व्यक्ति विक्रेता से वही मुआवजा पाने का हकदार होता है, जो रजिस्ट्री पेपर

में लिखा हुआ है। संपत्ति का सही मूल्य रजिस्ट्री में अंकित होने से प्रभावित व्यक्ति को उसका सही मुआवजा प्राप्त हो पायेगा।

.........................................................

धुड़मारास गांव–पर्यटन गांव

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा बस्तर जिले के धुड़मारास गांव का चयन सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के उन्नयन के लिए किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के पर्यटन ग्राम उन्नयन कार्यक्रम के लिए साठ देशों से बीस गांवों का चयन किया गया है, जिसमें धुड़मारास भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि के लिए पर्यटन विभाग की टीम के साथ ही बस्तर जिला प्रशासन और कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धुड़मारास प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। बस्तर के आदिवासी जीवनशैली, पारम्परिक व्यंजन, हरियाली और जैव विविधता से समृद्ध यह गांव पर्यटकों के लिए एक आकर्षक ही नहीं बल्कि रोमांचक स्थल है।

गौरतलब है कि धुड़मारास और चित्रकोट गांव को इस वर्ष सत्ताईस सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार मिला था।

.........................................................

केन्द्रीय राज्यमंत्री–समीक्षा बैठक

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कल सक्ती जिले में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिलाया जाए। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और ग्रामीण के निर्माण कार्यों की जानकारी भी ली। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के साथ ही जिला आयुष अधिकारी को नियमित रूप से जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरुक करने को कहा। वहीं, शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

इससे पहले, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने ''एक पेड़ माँ के नाम अभियान'' के तहत पौधारोपण भी किया।

............................................................

धान खरीदी–बिचौलिया

छत्तीसगढ़ में सभी धान खरीदी केंद्रों में बायोमेट्रिक मशीन लगाई गई है। राज्य के सीमावर्ती जिलों में एंट्री एग्जिट प्वाइंट पर स्थाई और अस्थाई नाके बनाए गए हैं, जिससे बिचौलिए और कोचिये अपना धान सीमावर्ती राज्य से लाकर यहां ना बेच सकें। इसके अलावा कई नोडल और उड़न दस्ता टीम भी बनाई गई है, जो लगातार सभी केन्द्रों की निगरानी करेगी। खाद्य विभाग के सचिव अन्बलगन पी. ने प्रदेश के किसानों से इन बिचौलियों से बचकर रहने की अपील की है।

गौरतलब है कि इकतीस सौ रूपए में धान खरीदी होने की वजह से सीमावर्ती जिलों में पड़ोसी राज्यों से लाकर बचौलिए प्रदेश में धान बेचने की कोशिश करते हैं।

............................................................

खेल

जगदलपुर में आयोजित की गई अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब तमिलनाडू पुलिस ने जीत लिया है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज छत्तीसगढ़ फुटबाल संघ और तमिलनाडू पुलिस के बीच खेला गया। इस मैच में तमिलनाडु पुलिस ने पेनाल्टी शूटआउट में छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ को दो के मुकाबले तीन गोल से हराया। प्रतियोगिता के समापन अवसर खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने खिलाडिय़ों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर स्थानीय विधायक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव भी उपस्थित थे।

............................................................

शासकीय सेवक–आय सीमा

वित्त विभाग ने शासकीय सेवकों पर आश्रितों की अधिकतम आय सीमा में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा तीन हजार पचास रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर सात हजार सात सौ पचास रुपये प्रतिमाह कर दी गई है।

गौरतलब है कि वर्ष दो हजार चौदह के बाद से शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा में कोई वृद्धि नहीं की गई थी, जबकि राज्य में श्रमिकों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में शासकीय सेवकों के आश्रित परिवारों को पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब, आय सीमा बढ़ने के साथ जिन आश्रितों की आय तीन हजार पचास रुपये से अधिक थी, वे सभी परिवार पेंशन का लाभ प्राप्त करने के पात्र हो सकेंगे।

..........................................................

श्रमिक सम्मेलन

कोरबा जिले के प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में कल प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने इस सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में सत्रह विभिन्न योजनाओं के पचासी हजार से अधिक श्रमिकों को छियालीस करोड़ साठ लाख रूपए से अधिक की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। ये राशि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल और श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत काम करने वाले श्रमिकों को जारी की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रम मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विभिन्न योजनाओं के तहत दो सौ पैंतीस करोड़ की सहायता राशि श्रमिकों को प्रदान की जा चुकी है। श्रम मंत्री ने कहा कि श्रमिकों को डीबीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता राशि भेजी गई है। जिसका सीधा लाभ श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को मिलेगा।

श्रम मंत्री ने बताया कि श्रमिकों की समस्या–शिकायतों के समाधान और सहायता के लिए श्रमेव जयते पोर्टल शुरू की गई है, जिसमें श्रमिक अपनी समस्याएं बता सकते हैं और समाधान पा सकते हैं।

.............................................................

राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने प्रदेश के स्कूलों में राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण के मद्देजर स्कूलों की दक्षता बढ़ाने के लिए तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि आगामी चार दिसम्बर को केन्द्रीय स्कूल शिक्षा मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों की दक्षता का परीक्षण किया जाएगा, जिसके तहत कक्षा तीसरी, छठवीं और नौवीं के विद्यार्थियों की दक्षता का राष्ट्रीय सर्वेक्षण होगा।

.............................................................

ट्रेन–रद्द

नौरोजाबाद में तीसरी लाइन जोड़ने के काम चलने की वजह से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली पच्चीस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। साथ ही दो ट्रेनों की रूट लाइनें बदल दी गई हैं। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के लिए चलने वाली और छत्तीसगढ़ से भी गुजरने वाली लगभग चौबीस ट्रेनें अभी रद्द रहेंगी। ये सभी ट्रेनें इक्कीस नवम्बर से दो दिसम्बर तक अलग अलग दिनों में कैंसिल रहेंगी। इनमें सोलह एक्सप्रेस और नौ लोकल ट्रेनें शामिल हैं।

.............................................................

मुख्यमंत्री–रितिका ध्रुव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी निवासी बैडमिंटन खिलाड़ी रितिका ध्रुव से वीडियो कॉल पर बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने रितिका को बैडमिंटन खेल के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। रितिका ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके पिता मजदूर है और माता आंगनबाड़ी सहायिका हैं। उसे बचपन से ही बैडमिंटन के खेल में रुचि थी। रितिका ने बताया कि उसने बेंगलुरू में खेलो–इंडिया यूनवर्सिटी लेवल गेम्स और हाल ही में ओडीसा में नेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। वह आगे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलना चाहती है और ओलम्पिक में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करना चाहती है।

.............................................................

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

–	मुख्यमंत्री और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में प्राधिकरण की बैठक कल अट्ठारह नवम्बर को चित्रकोट में आयोजित की जाएगी।

–	मोहला–मानपुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ होने की खबर मिली है। मौके से पुलिस ने माओवादियों की सामग्री बड़ी मात्रा में बरामद की है। यह मुठभेड़ मदनवाड़ा इलाके के आमाटोला गांव के पास हुई है।

–	कोरबा जिले की प्रभारी सचिव अलरमेल मंगई डी ने कल जिले के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए।

–	रायपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डेटा एनालिटिक्स पर आयोजित दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आज समापन हुआ।

–	बेमेतरा में ड्यूटी पर तैनात एसआई की हार्ट अटैक से मौत हो गई। एसआई जयराम गंगबर बेमेतरा के ग्राम बिरनपुर सहायता केंद्र में पदस्थ थे।

–	बिलासपुर के सिम्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल के हॉस्टल में महिला डॉक्टर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। यह महिला चिकित्सक अंबिकापुर जिले के सुखरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ थी।

–	जांजगीर–चाम्पा जिले के शिवरीनारायण में प्रशासन ने अवैध रेत परिवहन करते हुए पांच ट्रैक्टरों को जब्त किया है।

–	कबीरधाम जिले की चिल्फी पुलिस ने जांच के दौरान संदिग्ध वाहन से तीस लाख रूपए से अधिक की नकदी बरामद की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>